# 11884 - उम्रा के दौरान विकलांग व्यक्ति की देखभाल करने वाले व्यक्ति के खर्च का भुगतान कौन करेगा?

## प्रश्न

मैं एक विकलांग मुसलमान हूँ। इन-शा-अल्लाह, मैं इस साल उम्रा करने जा रहा हूँ। मैं चाहता हूँ कि मुझे मक्का और मदीना ले जाने के लिए मेरा भाई मुझसे जद्दा में मिले। वह भी उम्रा करना चाहता है, लेकिन वह ज़ोर देकर कहता है कि वह अपने टिकट के लिए खुद भुगतान करेगा, हालाँकि होटल में रहने, भोजन और अन्य खर्चों के लिए मैं ही भुगतान करूँगा। क्या वह अपने टिकट के लिए भुगतान कर सकता है, या कि मुझे उसके टिकट के लिए भी भुगतान करना होगा, जैसा कि मैंने उसके अन्य सभी खर्चों के साथ किया है, क्योंकि वह मेरी मदद करने के लिए आ रहा है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आपके उसके टिकट के लिए भुगतान करने में कोई हर्ज नहीं है, तथा उसके अपने टिकट के लिए स्वयं भुगतान करने में भी कोई हर्ज नहीं है। और जब वह इस बात पर ज़ोर दे रहा है और अल्लाह से प्रतिफल का इच्छुक है, तो उसे भुगतान करने दें, और उसे इन-शा-अल्लाह आपकी देखभाल करने के लिए भी सवाब मिलेगा।

तथा आपके दोनों की ओर से बाकी खर्चों का भुगतान करने के लिए, इन-शा-अल्लाह, आपको भी प्रतिफल मिलेगा। और अल्लाह ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है।